संख्या-98/2023/1984/सैंतीस-2-2023/5(2)/2018टीसी

प्रेषक,

देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश।

पशुधन अनुभाग-2 लखनऊ :: दिनांक-06 सितम्बर, 2023

विषयः- **गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में गो-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना योजनान्तर्गत निर्गत वित्तीय स्वीकृति के शासनादेश में संशोधन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1021/सा0-2/बारह-619(भाग-2)/2023-24, दिनांक-04.08.2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-38/2023/381/सैंतीस-2-2023/003-5(2)/2018, दिनांक-21.03.2023 द्वारा गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या-15 के अधीन गो-संरक्षण केन्द्रों की स्थापना योजनान्तर्गत 56 नवीन गो-संरक्षण केन्द्रों के निर्माण हेतु प्रथम किश्त के रूप में प्रति केन्द्र रू0-60.00 लाख की दर से कुल रू0-3360.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी थी। उक्त शासनादेश के संलग्नक में क्रमांक-12 पर अंकित वृहद् गो संरक्षण केन्द्र ग्रा. गुलालपुर, तह. शाहगंज, जनपद जौनपुर के स्थान पर वृहद् गो संरक्षण केन्द्र ग्रा. बल्लीपुर (महाथिया गोपालापुर), आकांक्षात्मक वि.ख. रामपुर, जनपद जौनपुर पढ़ा जाये।

2- शासनादेश दिनांक-21.03.2023 को उपरोक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये। उक्त शासनादेश में उल्लिखित अन्य शर्तें/प्रतिबन्ध यथावत् रहेंगे।

भवदीय,

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।

पृ0सं0-98/2023/1984(1)/सैंतीस-2-2023/5(2)/2018टीसी, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)/(लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. वित्त नियंत्रक/संयुक्त निदेशक (नियोजन), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
4. निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. सम्बन्धित जिलाधिकारी/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/मुख्य अथवा वरिष्ठ कोषाधिकारी।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-1/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन अनु0-3 ।
7. सचिव, उ0प्र0 गोसेवा आयोग, लखनऊ/गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(विनोद कुमार द्विवेदी)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया हैइ :अत ,स पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।